.समाचार

# निगम द्वारा लगातार किया जा रहा सेनेटाईजेशन

## कार्यालयों, अस्पतालों, सार्वजनिक स्थानों, वार्डो को किया जा रहा सेनेटाईज (होम आईसोलेट परिवारों व उनके पड़ोसियों की मांग पर पहुंच रही निगम की टीम, कर रही सेनेटाईज)



कोरबा 10 मई 2021 –कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लगातार सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है, विभिन्न शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों सहित विगत 05 दिन में 36 वार्डो में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इन सभी स्थानों व वार्डो को सेनेटाईज कराया।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों, व्यवसायिक परिसरों आदि में

सेनेटाईजेशन का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में  कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला अस्पताल, सी.एम.एच.ओ.कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालय, विभिन्न अस्पतालों, नगर निगम कार्यालय साकेत, निगम के विभिन्न जोन कार्यालय, समस्त वैक्सीनेशन सेंटरों, एस.एल.आर. एम.सेंटरों, सुलभ शौचालयों व विभिन्न सार्वजनिक स्थानों के साथ–साथ विगत 05 दिन में वार्ड क्र. 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 26, 36, 37, 39, 43, 44, 45, 49, 48, 56, 58, 63, 65, 66 व 67 आदि वार्डों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसी प्रकार होम आईसोलेट मरीजों, उनके परिजनों अथवा पड़ोसियों द्वारा दूरभाष पर सेनेटाईजेशन हेतु किए गए आग्रह के तहत विगत 05 दिवस में 22 आवास स्थलों व परिसरों का सेनेटाईजेशन कराया गया।